Title: Demanded an increase in the number of seats for graduate and post-graduate courses and reduction in fees at Gorakhpur University, U.P.

कुंवर अखिलेश सिंह (महाराजगंज, उ.प्र) : उपाध्यक्ष महोदय, कुख्यात चंदन तस्कर वीरप्पन द्वारा प्रमुख कन्नड़ अभिनेता राजकुमार के अपहरण के बाद जब से पांच दुर्दांत आतंकवादियों की रिहाई की घोषणा सरकार द्वारा की गई है, तब से छात्रों, नौजवानों की मानसिकता में परिवर्तन आया है। आज सम्पूर्ण देश के अंदर छात्र अपनी मांगों के लिए जगह-जगह आंदोलनरत हैं। गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति ने गोरखपुर विश्वविद्यालय सहित महाराजगंज महाविद्यालय और गोरखपुर विश्वविद्यालय से संबंध महाविद्यालयों में छात्रों की प्रवेश संख्या में आधे से ज्यादा कटौती करके और छात्रों की फीस में बेतहाशा वृद्धि की है जिसके कारण वहां लगातार 15 दिन से छात्र आंदोलनरत हैं। छात्रों ने अहिंसात्मक आंदोलन चलाकर एक रिकार्ड बनाने का काम किया है। आज छात्र वहां चिल्ला-चिल्लाकर कह रहे हैं कि अगर हमारे अहिंसात्मक आंदोलन से सरकार की नींद नहीं खुलती और हमारी जायज मांगें पूरी नहीं की जातीं तो निश्चित तौर से हमें वीरप्पन के रास्ते पर चलकर किसी व्यक्ति को अगवा करके अपनी मांगों को मनवाना पड़ेगा। हम आज आपके माध्यम से मांग करते हैं कि केन्द्र सरकार उत्तर प्रदेश राज्य सरकार को निर्देशित करे कि गोरखपुर विश्वविद्यालय में जो स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं में छात्रों की प्रवेश सीटों को कम कर दिया गया है, उसे गत वर्ष की तुलना में बढ़ाया जाये तथा छात्रों की बढ़ी हुई फीस को वापस लिया जाये।